>

Title: Regarding illegal bajri quarrying in Baran district of Rajasthan-laid.

श्री दुष्यंत सिंह (झालावाड़-बारां): मैं सरकार का ध्यान मेरे लोक सभा क्षेत्र झालावाड़ - बाराँ (राजस्थान) के बारां जिले में चल रहे बजरी के कथित अवैध खनन की ओर आकर्षित करना चाहता हूं ।

यह विषय इसलिए जरूरी है, क्योंकि पिछले चार माह में ही इस अवैध कारोबार से जुड़े आठ श्रमिक हादसों में अपनी जान गवां चुके हैं । अगस्त के दौरान जिले के किशनपुरा के पास पार्वती नदी से बजरी खनन करते हुए चार लोगों की मृत्यु हुई, इससे पूर्व तीन अन्य हादसों में चार जानें गई हैं ।

मेरा सरकार से अनुरोध है की बारी में बजरी के कथित अवैध कारोबार की स्वतंत्र एजेंसी से जांच कराई जाए एंव हादसों के पीड़ित परिवारों को राज्य सरकार से पाँच-पाँच लाख रुपये का मुआवजा दिलवाया जाए ।